26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 19 जून, 2026

अंक- 235 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अयोध्या में बोले योगी आदित्यनाथ

# अपराधी कोई हो, बचेगा नहीं

## 15 दिन में दूध का दूध, पानी का पानी कर देगी एसआईटी

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रामनगरी अयोध्या पहुंचे। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ ने चढ़ावा चोरी को लेकर कहा, अपराधी कोई भी हो, बचेगा नहीं। 15 दिन में एसआईटी दूध का दूध, पानी का पानी कर देगी। मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे।

समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए योगी ने कहा सपा का दोहरा चरित्र देखो, कहते हैं रामभक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले लोग हमें उपदेश देने चले हैं। अयोध्या में चढ़ावा चोरी के बारे में समाचार-पत्रों से पता चला तो हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित कर दी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 की क्रांति के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन कांड को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाये। आज यह देश आजाद है। नये उत्तर प्रदेश में हम रह रहे हैं। राष्ट्रनायकों का सम्मान करना राष्ट्रभक्ति के लिये प्रेरित करना है। सपा को निशाने पर लेते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन लोगों में संवेदना और इच्छाशक्ति नहीं है। सिर्फ परिवार ही उनके लिये सब कुछ है। नौकरी मिलेगी तो खानदान को, सुविधा मिलेगी तो खानदान को। वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा कैसे लगवाते, क्योंकि उनको कब्रिस्तान की बाउंड्री से ही फुर्सत नहीं मिलती थी, उनकी सोच ही कब्रिस्तान तक सीमित थी।




# मायावती से मुलाकात के 5 लाख, टिकट के 3 करोड़

## बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के स्ट्रिंग आप्रेशन से पार्टी में हड़कम्प

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी बीच-बीच में अपनी सक्रियता दिखाती हैं। इस बीच बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का एक स्ट्रिंग आप्रेशन सामने आया है, जिसमें वह बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात के 5 लाख रुपये और बसपा से टिकट के बदले 3.35 करोड़ रुपये की बात करते हुए दिख रहे हैं।

स्ट्रिंग आप्रेशन का वीडियो सामने आते ही बसपा में खलबली मच गई। खुद बसपा सुप्रीमो मायावती को सामने आना पड़ा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा, 'जैसा कि सर्वविदित है बीएसपी देश में बहुजन समाज व अपर कास्ट समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित, परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलने वाली सर्वजन हिताये व सर्वजन सुखाये की सच्ची व ईमानदार अंबेडकरवादी पार्टी है, जो दूसरी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के सहारे और उनके इशारे पर नहीं चलती है, बल्कि अपने लोगों के ही तन, मन और धन के बलबूते पर चलती है, जो स्वभाविक तौर पर संकीर्ण, जातिवादी, साम्प्रदायिक व पूंजीवादी ताकतों को फूटी कौड़ी नहीं सुहाता है और इसीलिये वे समय-समय पर खासकर चुनाव के नजदीक आने पर किस्म-किस्म के हथकंडे अपनाकर बीएसपी पार्टी व मूवमेंट को तथा उसके आयरन लेडी नेतृत्व को बदनाम करने में लगे रहते हैं।'

**विश्वनाथ पाल,** प्रदेश अध्यक्ष, BSP




बहनजी को 5 लाख के साथ डेढ़ करोड़ रुपए भी दे देना

बता दें कि एक दैनिक अखबार ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और लखनऊ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गौतम को एक सौदेबाजी के बारे में बात करते हुए स्ट्रिंग आप्रेशन किया है, जिसमें वे कह रहे हैं कि बहनजी से एक बैठक या मुलाकात तय करने के लिये 5 लाख रुपये बतौर भेंट या गिफ्ट देने होते हैं। यदि कोई विधानसभा का टिकट चाहता है तो उसके लिये 3.35 करोड़ की रकम तय की गई है, जिसका पूरा भुगतान कैश में करना होता है।

## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8191819148



# विधायक ओमकुमार ने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को आर्थिक सहायता का पत्र सौंपा



**नहटौर ( चिंगारी )।** धामपुर में नहटौर की दलित युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में विधायक ओमकुमार ने शासन की ओर से पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता का पत्र सौंपा। उन्होंने बिना नाम लिए आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने दलितों के नाम पर चंदा वसूली की है। लेकिन उसका लाभ किसी भी दलित को नहीं मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पीड़ित परिजनों की मदद करने पर आभार जताया। शुक्रवार को विधायक ओमकुमार, शोभा रानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार, समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर जागेश्वर सिंह, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह आदि के साथ नहटौर क्षेत्र की दलित पीड़िता के घर पहुंचे, जहां पर उन्होंने शासन की ओर से आए ढाई लाख रुपए की आर्थिक मदद का पत्र परिजनों को सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बिना किसी भेदभाव के बेटी, नारी के सम्मान में काम कर रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने दलितों के नाम पर चंदा उगाई की लेकिन उसका लाभ किसी भी दलित को नहीं मिला। उन्होंने आसपा सांसद चंद्रशेखर पर भी दलितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने पीड़ित परिजनों से वार्ता की और भविष्य में भी उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनीराम सिंह, रवि कुमार, नरेश चेयरमैन, हेमेंद्र प्रधान, अंकज, व्यापारी नेता कपिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, पूर्व अध्यक्ष दर्पण रावल, हनी तोमर, तुलाराम चौधरी, आकाश कुमार, अनुभव विश्वकर्मा, मनजीत कुमार, सूर्य शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### स्वयं भी आर्थिक सहायता की थी

विधायक ओम कुमार ने भी दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को अपनी ओर से आर्थिक सहायता के रूप में 50 हज़ार की धनराशि सौंपी थी। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिये थे। जिसके बाद हरकत में आए प्रशासन द्वारा मामले में कारवाई तेज कर दी गई थी।

## नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बिजनौर की हल्दौर इकाई द्वारा संगठन के नवमनोनीत पदाधिकारी का स्वागत किया गया। हल्दौर इकाई द्वारा विभाग संयोजक भास्कर शर्मा, विभाग सहसंयोजक अनमोल चौधरी, जिला प्रमुख आशुतोष नागर का मालाएं व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर नवमनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि वह छात्र हित व संगठन की और मजबूती के लिए कार्य करेंगे। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया संयोजक अभय प्रताप सिंह, हल्दौर नगर मंत्री हर्ष विधूड़ी, नगर सहमंत्री विनय, रोहित, हर्षित, प्रिंस वर्मा, नगर संयोजक मयंक, लव कुश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




## इनरव्हील क्लब ने शिविर लगाया, शीतल पेय पिलाया

**स्योहारा ( चिंगारी )** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में यहां स्टेशन रोड पर धर्म नंदा चैरिटेबल ट्रस्ट क्लिनिक पर शिविर लगाकर सैकड़ों राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल पेय पिलवाया। क्लब की संरक्षक डॉक्टर लिपि सेन वर्मा ने बताया कि क्लब के द्वारा समय-समय पर सेवा के लिए कार्य किए जाते हैं। इसी के तहत गुरुवार गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस के मौके यह शिविर लगाया गया। क्लब की अध्यक्ष बबीता रस्तोगी, सचिव रजनी भारद्वाज, आगामी वर्ष 2026-27 की अध्यक्ष अंजू जैन, सचिव दीप्ति जैन, सृष्टि पुष्पक, सुरभि जैन, पर्ल रस्तोगी, डा. प्रियंका, नीना शर्मा, रेनू वर्मा, रश्मि वर्मा, सिम्मी अरोड़ा, कामिनी अग्रवाल आदि ने शिविर में अपना योगदान दिया।




## हिंदू महासभा के महामंत्री बने अंकुर चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बरूकी क्षेत्र निवासी अंकुर चौधरी को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार द्वारा उनके संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं कार्यकुशलता को देखते हुए की गई। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने पर अंकुर चौधरी ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## पूर्वजों की धरोहर है योगासन: राजकुमार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सभाचंदपुर भैरकी निवासी समाजसेवी व ग्रामीण पत्रकार राजकुमार कश्यप ने कहा है कि योग किसी एक धर्म जाति का नहीं, योग हमारे पूर्वजों की धरोहर है। जिस प्रक्रिया से मनुष्य के भीतर सुख व शांति का अनुभव होता है। यह प्रक्रिया ही भगवान व अल्लाह की अनुभूति प्रदान करा सकती है। जीवन को योगमय बनाना चाहिए यह किसी जाति या धर्म का नहीं, बल्कि सर्वसमाज को योगासन करना चाहिए। उन्होंने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी से योग करने की अपील की।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बच्चे की मौत पर परिजन भड़के, एंबुलेंस रोककर किया हंगामा

स्योहारा ( चिंगारी )। नाना के घर आया धेवता बीमार हो गया। जब अस्तपताल में भर्ती कराया तो उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोनम पत्नी अली हसन निवासी गनीमतनगर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद अपने पिता लतीफ के घर ग्राम सदाफल आयी थी। बृहस्पतिवार की शाम 4 बजे सोनम के ढाई वर्षीय बेटे अर्श की तबीयत खराब हो गयी, जिसे ठाकुरद्वारा रोड स्थित अहमद क्लीनिक पर भर्ती कराया गया, वहां उपचार से आराम नहीं मिला, तबीयत और ज्यादा बिगड़ गयी जिसे चिकित्सक ने उसे कहीं अन्य जगह ले जाने की सलाह दी, लेकिन



एम्बुलेंस को रोकते परिजनों को समझाती पुलिस

परिजनों का आरोप है कि उपचार में लापहरवाही के दौरान ही बच्चे की मौत हो गयी थी। परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इसी बीच पुलिस ने बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही एम्बुलेंस नूरपुर फाटक पर पहुचीं तभी परिजनों ने एम्बुलेंस रोक कर हंगामा शुरू कर दिया। बामुश्किल पुलिस ने परिजनों को समझाया और रास्ता बदल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक सुशांत सिंह ने किया क्रिकेट टूर्नामंट का शुभारंभ



क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उदघाटन करते कुंवर सुशांत सिंह

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। ग्राम अगवानपुर स्थित नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल के ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कुंवर सुशांत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों को युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। टूर्नामेंट के शुभारंभ के दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। टूर्नामेंट के पहले मैच में नगली व बित्रा के बीच खेला जाएगा जबकि दोपहर बाद चांदपुर और नगीना की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। जिसको लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। इस अवसर पर ठाकुर सूर्यकांत, ठाकुर विजेश सिंह, सरदार सरबजीत सिंह हुंदल, मोहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे।

# सांभर को मुंह में दबाकर ले गया बाघ



सांभर का शिकार कर ले जाता बाघ।

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। क्षेत्र में उस समय कार सवार लोगों की सांसें थम गईं, जब उन्होंने सड़क पर एक बाघ को सांभर का शिकार मुंह में दबाकर कार के सामने से ले जाते देखा। अचानक सामने आए बाघ को देखकर कार में सवार लोग सहम गये।

इस्लामनगर (पुराना कालागढ़) निवासी विजय कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात ग्राम कल्लूवाला के कुछ लोग कालागढ़ से कार द्वारा घर वापसी जा रहे थे। इसी दौरान सूखा सोत के पुल के समीप एक बाघ सांभर का शिकार कर सड़क पार कर रहा था, जोकि अचानक कार के सामने आ गया, जिससे कार में बैठे लोग घबरा गये। उन्हीं में से एक व्यक्ति द्वारा कार में से वीडियो बना लिया गया था। घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की सक्रियता को लेकर लोगों में चर्चा और दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र से लगे इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
Hero
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L





9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount
4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली** लगे
या **बुरी**...

## सिर्फ प्रतिक्रिया काफी नहीं!

2024 में घटी संख्या के बावजूद भाजपा ने टीडीपी व जदयू के सहयोग से अपनी आक्रामक नीतियां जारी रखीं, पर महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के मुद्दे पर उसे संयुक्त विपक्षी शक्ति के सामने हार माननी पड़ी। उम्मीद थी कि विपक्ष की यह विजय उसे विधानसभा चुनावों में अपेक्षित सफलता तक ले जाएगी पर ऐसा नहीं हुआ। तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल में विभाजन और अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना के 9 में 6 सांसद टूटकर शिंदे के साथ चले जाने और एनडीए सरकार को समर्थन देने का ऐलान करने तथा अन्य विपक्षी सांसदों के प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन से मोदी सरकार एक बार फिर महिला आरक्षण, परिसीमन, एक देश एक चुनाव जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ने का प्रयास कर सकती है। फिलहाल तो देश पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और इसके कारण गैस, पेट्रोल, डीजल व अन्य चीजों के दाम बढ़ने के कारण जनता भाजपा से असंतुष्ट है। लेकिन ईरान-अमेरिका समझौता होने से युद्ध समाप्त होने तथा वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में सुधार की आशा है। इसके साथ ही भारत ने यूरोपीय संघ, कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और जापान से जो मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, उनके लागू होने पर देश में आर्थिक स्थितियों में सुधार की आशा है। कुछ समय पहले राहुल गांधी ने अनुमान लगाया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था ध्वस्त होने के कगार पर है तथा एक साल के भीतर आर्थिक आपातकाल लगने व मोदी सरकार गिरने की उम्मीद है। लेकिन अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद ऐसा कुछ होते नहीं दिख रहा है। हाल में आए चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पहुंच गई है तथा राजकोषीय लाभ की स्थितियां बनी हैं। भारत के शेयर बाजारों से विदेशी मुद्रा का पलायन विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते लागू होने के बाद थम सकता है तथा देश में विदेशी निवेश बढ़ने की आशा है। यह और बात है कि इसी बीच रिजर्व बैंक के गवर्नर ने घटते निर्यात और बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई आदि पर चिंता व्यक्त की है। इन परिस्थितियों में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को मोदी सरकार की नीतियों पर केवल प्रतिक्रिया करने से आगे बढ़ कर देश की जनता के समक्ष वैकल्पिक नीतियां पेश करने तथा उन पर जनता का विश्वास जीतने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

# रेंगते शहर : हमारे छोटे शहरों की जीवनरेखा पर बढ़ता 'जाम' का बोझ

**जाम का यह दुष्चक्र केवल समय की बर्बादी नहीं है। यह प्रदूषण बढ़ा रहा है, ईंधन की खपत को आसमान पर पहुंचा रहा है और सबसे महत्वपूर्ण— मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। एंबुलेंस का जाम में फंसना अब एक आम दृश्य है, जो सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। व्यापारिक गतिविधियां ठप हो रही हैं और छात्रों का कीमती समय सड़कों पर ही गुजर रहा है। तथ्यों की बात करें तो एक हालिया यातायात अध्ययन के अनुसार, इन छोटे शहरों में पिछले पांच वर्षों में निजी वाहनों की संख्या में 35 प्रतिशत से 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि सड़कों की क्षमता में 5 प्रतिशत का भी विस्तार नहीं हुआ है।**



▶▶ रितेश भटनागर

कभी फुर्सत और सुकून के प्रतीक माने जाने वाले हमारे छोटे शहर-बिजनौर, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, बरेली आज एक भयावह चुनौती का सामना कर रहे हैं। जिस 'शांति' के लिए ये शहर जाने जाते थे, आज वे भारी-भरकम ट्रैफिक जाम की चपेट में हैं। सुबह की शुरुआत चिड़िया की आवाज से नहीं सड़कों पर रेंगती गाड़ियों के हॉर्न के शोर से होती है। यह समस्या अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस शहर की नियति बन गई है, जहां अनियोजित शहरीकरण ने दस्तक दी है।

**आज की स्थिति भयावह है। एक घर में चार सदस्य हैं, तो चार अलग-अलग वाहन हैं। संपन्नता के कारण घरों में अनेक नये-नये मॉडल की गाड़ियां तो आ गईं, लेकिन उनके लिए 'पार्किंग' का कहीं नामो-निशान नहीं है। परिणामस्वरूप, ये गाड़ियां सड़कों पर खड़ी रहती हैं। अंदर गलियों में रहने वाले लोग भी अपनी गाड़ियां मुख्य सड़क पर ही पार्क करते हैं।**

इसके साथ ही, कुछ अन्य प्रमुख कारक इस समस्या को विकराल बना रहे हैं, जैसे अवैध अतिक्रमण, दुकानों का सामान सड़कों तक फैला हुआ है। नर्सिंग होम, बैंकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आगे पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने से गाड़ियां सड़क पर ही दम तोड़ती हैं। बिना किसी निर्धारित रूट के बेतहाशा दौड़ते ई-रिक्शा ने ट्रैफिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया है, जिसका जहां जैसे मन करता है वहीं घुस जाता है। ट्रैफिक पुलिस भी मूकदर्शक से बन जाते हैं। ज्यादातर मुख्य पुरानी दुकानें और पुराना बाजार, मुख्य सब्जी मंडी, छोटी सड़कों और गलियों में ही स्थित है। शंभु दयाल की बिल्डिंग,घंटाघर,नगरपालिका, बुल्ला का चौराहा, मोईन का चौराहा, गुप्ता जलेबी का चौराहा, शास्त्री चौक आदि कमोवेश सभी जगह सुबह से शाम तक लगातार जाम की स्थिति रहती है। न कोई ठहराव है, न कोई अनुशासन। गूगल मैप्स जैसे नेविगेशन ऐप्स शॉर्टकट के चक्कर में बाहरी वाहनों को तंग गलियों और व्यस्त बाजारों के बीच से गुजार देते हैं, जिससे पहले से जूझ रहे ट्रैफिक पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।



जाम का यह दुष्चक्र केवल समय की बर्बादी नहीं है। यह प्रदूषण बढ़ा रहा है, ईंधन की खपत को आसमान पर पहुंचा रहा है और सबसे महत्वपूर्ण-मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। एंबुलेंस का जाम में फंसना अब एक आम दृश्य है, जो सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। व्यापारिक गतिविधियां ठप हो रही हैं और छात्रों का कीमती समय सड़कों पर ही गुजर रहा है। तथ्यों की बात करें तो एक हालिया यातायात अध्ययन के अनुसार, इन छोटे शहरों में पिछले पांच वर्षों में निजी वाहनों की संख्या में 35 प्रतिशत से 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि सड़कों की क्षमता में 5 प्रतिशत का भी विस्तार नहीं हुआ है। इसका सीधा परिणाम यह है कि जाम के कारण होने वाली देरी में सालाना 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत का इजाफा हो रहा है। भारत में वाहनों की संख्या 30 करोड़ से भी ज्यादा है, घनी आबादी का क्षेत्र होने के कारण उत्तर प्रदेश में इन वाहनों की संख्या भी अधिक है। यदि हमें अपने शहरों को पुनः जीवंत करना है, तो हमें 'स्मार्ट समाधानों' की ओर बढ़ना होगा

हमें सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना होगा। शहरों में निर्धारित रूट, समयबद्ध स्टॉपेज और साफ-सुथरी मिनी-ई -बस सेवा की आवश्यकता है, जिसमें ड्राइवर-कंडक्टर का व्यवहार सभी के प्रति मैत्रीपूर्ण हो। शेयरिंग मॉडल को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ऑफिस जाने वाले लोग 'कारपूलिंग' अपनाएं, तो सड़कों पर वाहनों का दबाव स्वतः कम हो जाएगा। ई-रिक्शा के लिए रूट चार्ट तय हों, रेट लिस्ट स्पष्ट हो। बुजुर्गों और बीमारों के लिए ऐसी ई-रिक्शा सेवा हो जो पूरे शहर के महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ती हो, ताकि उन्हें बार-बार वाहन न बदलना पड़े। साथ ही, स्कूलों में 'सिविक सेंस' पर सेमिनार हों, जहां बच्चे और अभिभावक दोनों शामिल हों। जब तक नागरिक खुद जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक प्रशासन का कोई भी नियम प्रभावी नहीं होगा।

**ट्रैफिक पुलिस को सक्रिय होकर बाहरी वाहनों को बाईपास से निकालना चाहिए, न कि उन्हें बाजार की संकरी गलियों में धकेलना चाहिए।**

सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दुकानदारों को अपनी पार्किंग खुद सुनिश्चित करनी होगी। जो अतिक्रमण करते हैं, उन पर जवाबदेही तय हो।

जो लोग साइकिल या पैदल चलते हैं, उनके लिए सुरक्षित पथ बनाए जाने चाहिए तथा उन्हें सार्वजनिक मंचों से सम्मानित भी करना चाहिए। पार्किंग की सुलभ/सस्ती व्यवस्था का इंतजाम होना चाहिए। जो विद्यालय कॉलेज दोपहर बाद खाली हो जाते हैं उनके मैदान को भी पार्किंग के रूप में भी प्रयोग में लाया जा सकता है। शहरों को जाम-मुक्त बनाने के लिए हमें 'स्मार्ट' और 'अनुशासित' समाधानों को अपनाना होगा। इसके लिए पीक अवर्स में मुख्य बाजार में भारी वाहनों पर प्रतिबंध, सीसीटीवी आधारित ई चालान, वर्टिकल पार्किंग, एआई-आधारित स्मार्ट सिग्नलिंग और मुख्य बाजारों में 'नो-व्हीकल ज़ोन' का निर्धारण अनिवार्य है। कार्यालयों और स्कूलों के खुलने के समय में अंतर रखकर हम सड़कों पर अचानक बढ़ते दबाव को कम कर सकते हैं। साथ ही, अतिक्रमण मुक्त वेंडिंग ज़ोन का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। शहर के बाहर ही मुख्य एंट्रेंस पर ही चिन्हित स्थान के होल्डिंग लगे होने चाहिए, ताकि बाहर से आने वाले वाहन जाम में न फंसे। अंततः, प्रशासनिक जवाबदेही और 'मोहल्ला ट्रैफिक कमेटियों' के माध्यम से जनभागीदारी ही वह कुंजी है, जिससे हमारे शहर फिर से सांस ले सकेंगे। विकास का अर्थ केवल नई इमारतें खड़ी करना नहीं है, बल्कि जीवन को सुगम बनाना है। अब समय आ गया है कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं और यह सुनिश्चित करें कि हमारी सड़कों पर 'विकास की गति' दिखे, न कि 'जाम की जकड़'। यदि हम आज अपने 'सिविक सेंस' को जाग्रत कर लें और नियमों का पालन करें, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे शहर फिर से प्रदूषण और जाम मुक्त सांस ले सकेंगे। शहर की समस्या का समाधान पुलिस के डंडे से ज्यादा, जनभागीदारी और जागरूकता के संगम में निहित है।

# पुरैनी टोल प्लाजा पर निजी सुरक्षा कर्मी को कार चालक ने मारी टक्कर

## इलाज के दौरान मौत

**नगीना ( चिंगारी )**। पुरैनी टोल प्लाजा पर एक कार चालक द्वारा मारी गई टक्कर से घायल हुए वहां तैनात निजी सुरक्षा कर्मी 50 वर्षीय महिपाल की इलाज के दौरान मेरठ में मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर ग्राम पुरैनी के करीब स्थित टोल प्लाजा पर एक कार नगीना से धामपुर की दिशा में जाने के लिए आकर रुकी। आरोप है कि कार चालक द्वारा टोल प्लाजा पर मौजूद महिला टोल कर्मी से टोल टैक्स को लेकर काफी देर कहासुनी होती रही। इसी दौरान वहां बीच-बचाव करने टोल प्लाजा पर तैनात निजी सुरक्षा कर्मी महिपाल सिंह 50 वर्ष पुत्र नत्थू निवासी ग्राम फैजुल्लापुर थाना स्योहारा वहां पहुंचे तो आरोप है कि कार चालक ने तेजी से कार आगे बढ़ाते हुए उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया तथा कार लेकर मौके से भाग गया। इस घटना में गंभीर रुप से घायल हुए महिपाल को



तत्काल टोलकर्मी इलाज के लिए मेरठ ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी का कहना है कि आरोपी कार चालक अनूप गोबिल पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम पिलखना बक्काल,थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए उसे सीज कर दिया है।

### पहले बदसलूकी की, फिर कार चढ़ा दी

**टोल प्लाजा के प्रबंधक उत्तम कुमार ने बताया कि आरोपी कार चालक ने महिला टोलकर्मी से टोल टैक्स को लेकर काफी देर तक बदसलूकी की थी। वहां टोल प्लाजा पर तैनात सुरक्षा कर्मी महिपाल द्वारा कार चालक से बदसलूकी किए जाने का कारण पूछने पर उसने जबरन उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाते हुए उन्हें कुचल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार चालक ने पहले सुरक्षा कर्मी के ऊपर कार चढ़ा देने की धमकी दी तथा फिर कार को पीछे करते हुए उन्हें रौंदते हुए कार लेकर भाग गया। उन्होंने बताया कि मृतक सुरक्षा कर्मी महिपाल टोल प्लाजा पर करीब पांच वर्षों से टोल की स्थापना के समय से ही तैनात था।**

# श्रुत पंचमी मनाई, की शास्त्रों की सफाई



**किरतपुर ( चिंगारी )। ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी जैन धर्म में विशेष महत्व रखती है। इस पंचमी को श्रुत पंचमी व ज्ञान पंचमी भी कहा जाता है। श्रुत पंचमी के बारे में जानकारी देते हुए अनिल जैन बताते हैं कि श्रुत का अर्थ है कि तीर्थंकरों के संदेश अर्थात जैनागम को मौखिक सुनकर याद रखा जाता है। आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व आचार्य धरसेन को अपने अवधिज्ञान में यह वर्णित हुआ आने वाले समय में श्रुतपंपरा विस्मित हो जायेगी। मुनि परंपरा में मौखिक ज्ञान को याद रखने की क्षमता लगभग समाप्त हो जाएगी। आचार्य धरसेन ने मौखिक ज्ञान को लिपिबद्ध कराने का कार्य आचार्य पुष्पदंत व आचार्य भूतबली से शुरू कराया। नमोकार मंत्र को प्रथम ग्रन्थ षटखनडागम में आज के दिन मंगलाचरण के रूप में लिपिबद्ध किया गया था, उसके पश्चात सम्पूर्ण मौखिक ज्ञान को षटखनडागम में लिपिबद्ध किया गया था। श्रुत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की विशेष पूजा की जाती है। श्रावकों द्वारा जैन शास्त्रों को व्यवस्थित कर नये कपड़े अर्थात वेस्टन में बांधकर स्वाध्याय हेतु सुरक्षित रखा जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि आत्म कल्याण के लिए शास्त्रों का स्वाध्याय करना चाहिए। आज सुबह श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रावकों द्वारा शास्त्रों की सुंदर तरीके से सफाई की गई तथा अंत में श्रुत पंचमी की पूजा कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर अरविंद जैन, अनिल जैन, जितेंद्र जैन, कुमकुम जैन, नीलम जैन, मंजू जैन, सविता जैन आदि कार्यक्रम में सहयोग किया।**

# स्योहारा का बदलेगा स्वरूप, लेकिन कई परिवारों के सामने आजीविका का संकट

**स्योहारा ( चिंगारी )**। नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है। स्योहारा-नूरपुर मार्ग पर थाना चौराहा से रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद स्योहारा और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। बृहस्पतिवार को राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग एवं नगरपालिका की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। टीम ने दो घंटे का समय अतिक्रमण हटाने के लिए दिया। दुकानदारों में हड़कंप मच गया, आनन-फानन में दुकानदार सामान समेटने लगे। रेलवे ओवरब्रिज परियोजना के तहत रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर सड़क के केंद्र से लगभग 10 मीटर क्षेत्र तक चौड़ीकरण किया जाना है। इसी के चलते जेसीबी मशीनों की सहायता से सड़क किनारे स्थित कई दुकानों और अन्य निर्माणों को हटाया गया। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। नगरवासियों का मानना है कि ओवरब्रिज बनने से वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या का समाधान होगा। व्यापारिक और आवागमन की दृष्टि से भी यह परियोजना नगर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से प्रभावित दुकानदारों और परिवारों में चिंता का माहौल है। कई लोगों का कहना है कि उनकी दुकानें और व्यवसाय इस कार्रवाई से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। रोजगार



के साधन समाप्त होने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि विकास के साथ-साथ उनके हितों का भी ध्यान रखा जाए। उनका कहना है कि जिन लोगों की दुकानें और प्रतिष्ठान हटाए गए हैं, उन्हें उचित मुआवजा और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित न हो।

इस दौरान राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार विजय कुमार, हल्का लेखपाल अनिल कुमार, लेखपाल नरेश कुमार, लेखपाल अजय, लेखपाल सुदीप चौहन, पीडब्ल्यूडी विभाग से एई हरिशंकर शर्मा, जेई रवि कश्यप नगरपालिका से अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, मुकुल विश्नोई और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

ध्वस्तीकरण के दौरान कई लोग भावुक भी दिखाई दिए। वर्षों से कारोबार कर रहे दुकानदारों का कहना था कि विकास आवश्यक है, लेकिन विकास की कीमत उनके रोजगार के रूप में नहीं चुकाई जानी चाहिए। अब नगर में चर्चा इस बात की है कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के साथ प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है। फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है और रेलवे ओवरब्रिज परियोजना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं।

### 6 माह पूर्व नोटिस दिया गया था

सभी को अतिक्रमण हटाने के लिए 6 महीने पूर्व ही नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को किया गया।

**नायब तहसीलदार विजय**

# सिकैड़ा के ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाया आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )**। मोहम्मदपुर देवमल के ग्राम इलाइचीपुर खड्गु उर्फ सिकैड़ा के ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ खाद्य एवं रसद विभाग के जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के राशन डीलर द्वारा लगातार अनियमितताएं की जा रही हैं। डीलर द्वारा निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है तथा समय पर राशन वितरण नहीं किया जाता। आरोप है कि मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी कई बार पूरा राशन नहीं दिया जाता। इसके अलावा पात्र एवं गरीब लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा शिकायत करने पर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई कार्डधारकों का राशन उनकी जानकारी के बिना ही निकाल लिया जाता है, जबकि गांव के 50 से 60 प्रतिशत कार्डधारक दूसरे गांव से राशन लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण, गांव के राशन कार्डधारक काफी परेशान हैं। शिकायती पत्र देने वालों में रामपाल सिंह, सुखबीर, उपेंद्र,बिजेंद्र कश्यप,लाल सिंह,विपिन कुमार, विद्यावती,मनीराम सोनू आदि ग्रामीण रहे।

# क्षत्रिय महासंघ ने आयोजित किया 'नमन हल्दी घाटी' कार्यक्रम

**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, धामपुर द्वारा 18 जून 1576 को हुए ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध के वीरों की स्मृति में 'नमन हल्दीघाटी' कार्यक्रम का आयोजन एक मंडप में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने मंचासीन कवियों एवं अतिथियों का अंगवस्त्र एवं बैज लगाकर स्वागत किया। मंच पर डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल', डॉ. भूपेंद्र 'अनाड़ी', अशोक कुमार, नरेंद्र जीत 'अनाम', डॉ. एस.एस. राजपूत तथा राजकुमार सिंह ने वीर रस एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। दीपेंद्र सिंह चौहान ने हल्दीघाटी पर आधारित अपना ओजस्वी शीर्षक गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा—स्वाभिमान का प्रण था, हल्दीघाटी का रण था, भाला और तलवार चला, मुगलों की गर्दन काटी है, गवाह इसी बात की, पावन हल्दीघाटी है।

मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. आर.के. चौहान एवं टीकम सिंह फौजी ने कहा कि विश्व इतिहास में ऐसे उदाहरण विरले ही मिलते हैं, जहां किसी वीर ने स्वाभिमान की रक्षा के लिए घास की रोटियां खाना स्वीकार किया हो, लेकिन पराधीनता स्वीकार न की हो। उन्होंने कहा कि आज देश को महाराणा प्रताप जैसे स्वाभिमानी, राष्ट्रनिष्ठ और त्यागमयी व्यक्तित्वों के आवश्यकता है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सभी प्रतिभागी महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां प्रतिमा की परिक्रमा की गई। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर हल्दीघाटी के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम में भाग लेते हुये क्षत्रिय महासंघ के पदाधिकारी।



'नमन हल्दीघाटी' कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. एनपी सिंह।

## कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

**इस अवसर पर महामंत्री धनंजय सिंह, संयोजक डॉ. रवेंद्र सिंह, डॉ. एन.पी. सिंह, अरविंद वत्स, मनोज कुमार, ठाकुर रविकांत, डॉ. राममूर्ति सिंह, अरविंद कुमार, नीरज कुमार एडवोकेट, डॉ. एम.एस. राजपूत, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. शिखा सिंह, अभिनव प्रताप सिंह, विजयपाल सिंह, शोभा रानी, महावीर सिंह, अजय पाल सिंह, डॉ. नागेंद्र शेखावत, प्रीतम सिंह, जयवीर सिंह एडवोकेट, अनिल कुमार सिंह, कुंवर आशीष राजपूत, कुंवर अनिल राजपूत, डॉ. ए.के. सक्सेना, अवनी कुमार, श्याम सिंह चौहान, क्षेत्रपाल सिंह, अनिल गहलौत, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, रोमियो मयूर, जयपाल सिंह, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती मोनिका चौहान उपस्थित रहे।**

# फ़र्जी किन्नर बनकर कर रहे अवैध वसूली

### नीलम, मीरा, परी ने थाने में की शिकायत

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर निवासी नीलम मीरा एवं परी मौसी किन्नरों ने कोतवाली धामपुर में एक शिकायती पत्र देकर कुछ व्यक्तियों पर फर्जी तरीके से किन्नर बनकर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। शिकायत पत्र के अनुसार, कुछ लोग किन्नरों का वेश धारण कर ट्रेनों, बसों तथा चौराहों पर लोगों से अवैध रूप से धन वसूल रहे हैं। आरोप है कि ये लोग रात के समय भी वसूली करते हैं और आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त व्यक्ति वास्तविक किन्नर समाज से संबंधित नहीं हैं, बल्कि फर्जी तरीके से किन्नर बनकर हमारी छवि को धूमिल कर रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ नामित व्यक्ति धामपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे हैं और किन्नर समाज का नाम लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इससे असली किन्नर समाज की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है।

नीलम मौसी किन्नर, मीरा मौसी किन्नर एवं परी मौसी किन्नर ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि वास्तविक किन्नर समाज की छवि खराब न हो और अवैध वसूली पर रोक लग सके।



प्रदर्शन करते हुए किन्नर।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व

**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शहीदों के सरताज पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का पावन शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर शर्बत का वितरण किया गया। अमृतसर से पधारे भाई भूपेंद्र सिंह खालसा के रागी जत्थे ने गुरबाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा तथा कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता को सम्मान प्रदान किया गया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सलूजा परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। उत्तर प्रदेश पंजाबी संगठन के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा, सरदार हरभजन सिंह सलूजा मिनिस्टर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तथा जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा और पूर्व नगर पालिका परिषद सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा सहित सलूजा का योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास तथा लंगर से किया गया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. शर्मा का स्वागत किया

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट का धामपुर नगर में आगमन पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा बबलू के आवास पर स्वागत हुआ। इस अवसर पर अनिल शर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा बबलू, प्रदेश संगठन मंत्री संजीव कुमार शर्मा संजू, धामपुर नगर कोषाध्यक्ष पवन कौशिक जी महाराज तथा रोहित गौतम द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शर्मा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष की कार्यशाली एवं समर्पण भाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, केक काटकर दी शुभकामनाएं

## अहसन जमील बोले- संविधान, लोकतंत्र और भाईचारे की आवाज हैं राहुल गांधी

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्योहारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्योहारा नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनकी विचारधारा और जनहित की राजनीति से प्रेरित होकर कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारे और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। अहसन जमील ने कहा कि राहुल गांधी ने नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रखी है और अब देश की जनता को नफरत छोड़कर भारत जोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा। इस अवसर पर नितिन सैनी, राहुल शर्मा, ऋतिक पाल, मोनू कुमार, लताफत हुसैन, शाह आलम, आज़र, जलीस, बबलू, इकबाल, अब्दुल्ला, परवेज अहमद, अफरोज खान, अरशद हुसैन, शाहनवाज हुसैन, अतहर, इकबाल अहमद, दिलशाद अहमद, कैफ हुसैन, इरफान अहमद, जालिब हुसैन, नजाकत हुसैन, रईस अहमद, इदरीस, लईक, इमरान, खालिद, फैसल, इरफान, अफजल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मंत्री जी का आह्वान, प्राकृतिक खेती करें किसान!

## कृषि मेले व प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदिरा बाल भवन में गुरुवार को जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2026, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि मेला एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर किसानों के हित में संचालित योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने जैविक खेती को समय की आवश्यकता बताया।



कार्यशाला में एक लाभार्थी को चाबी सौंपते हुए प्रभारी मंत्री कपिल देव।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने, गन्ने के साथ दलहन एवं तिलहन की सहफसली खेती करने तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी और डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने ड्रैगन फ्रूट, मशरूम उत्पादन, बागवानी तथा खरीफ फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन सहित आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों ओमप्रकाश सिंह, शूरवीर सिंह, समरपाल सिंह, शैलेश राणा, इरफान अहमद, योगेश कुमार, राहुल जवान, कुलबीर सिंह, श्रीमती अनीता और प्रवेश कुमार सहित अन्य किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित करीब 950 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्रदूषण जांच केंद्रों पर पहचान छुपाकर पहुंचे एआरटीओ, छह केंद्रों की कार्यप्रणाली परखी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में संचालित प्रदूषण जांच केंद्रों की कार्यप्रणाली की जांच के लिए एआरटीओ महेश शर्मा ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपनी पहचान छिपाकर बैराज रोड तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एआरटीओ ने यह परखा कि केंद्रों पर वाहनों की प्रदूषण जांच निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है या बिना जांच के ही प्रदूषण प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने केंद्रों पर निर्धारित शुल्क सूची प्रदर्शित किए जाने की भी जांच की। एआरटीओ ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदूषण जांच शुल्क पेट्रोल दोपहिया वाहनों के लिए 70 रुपये, पेट्रोल तीन एवं चार पहिया वाहनों के लिए 90 रुपये तथा सभी डीजल वाहनों के लिए 120 रुपये निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कुल छह केंद्रों की जांच की गई। एक केंद्र पर शुल्क सूची प्रदर्शित तो मिली, लेकिन वह निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी। इस पर संबंधित संचालक को नोटिस जारी कर तत्काल मानक के अनुसार शुल्क सूची लगाने तथा इसकी सूचना एआरटीओ कार्यालय को देने के निर्देश दिए गए हैं। एआरटीओ महेश शर्मा ने कहा कि प्रदूषण जांच केंद्रों की निगरानी के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गुलदार के शव को जलाकर नष्ट किया



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नगीना वन रेंज के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार की शाम ग्राम उधोवाला में घायलावस्था में जाल द्वारा पकड़े गए गुलदार की 10 घंटे बाद बुधवार की प्रात: 4 बजे हुई मौत के बाद गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसके शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। नगीना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एनटीसीए की गाइडलाइंस के मुताबिक पीलीडैम वन चौकी पर तीन सदस्यीय पशु चिकित्सकों डॉ. एसपी सिंह, डॉ. रजनीश कुमार व डॉ. सामंत मनेहा के पैनल ने मृत गुलदार का पोस्टमार्टम किया। पैनल में शामिल पशु चिकित्सकों के मुताबिक मृतक गुलदार नर था, जिसकी आयु लगभग 6 वर्ष थी। उन्होंने बताया कि सघन जांच हेतु गुलदार के बिसरे को आरवीआरआई बरेली भेजा जाएगा, ताकि मौत की वास्तविक पुष्टि हो सके।




## नौशाद हत्याकांड में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** करीब नौ साल पहले किरतपुर क्षेत्र के बुध बाजार में मामूली कहासुनी को लेकर चाकू-छुरे से गोदकर नौशाद की हत्या करने के मामले में अपर जिला जज प्रथम प्रशांत मित्तल की अदालत ने सोनू उर्फ रिजवान, इमरान, हिफजान और इरफान को दोषी पाते हुए चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 45 हजार रुपए रुपए का जुर्माना भी लगाया।



एडीजीसी जितेंद्रपाल राजपूत ने बताया कि किरतपुर थाना क्षेत्र के भनेड़ा निवासी बाबू पुत्र कल्लू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अक्टूबर 2017 को उसकी चचेरी बहन समरीन के रिश्ते की बात सोनू पुत्र मकसूद भनेड़ा किरतपुर से चल रही थी। रिश्ते के दौरान उसके चाचा जहूर व मकसूद में किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। कहासुनी के कुछ देर बाद मकसूद के लड़के सोनू उर्फ रिजवान, इमरान, हिफजान जावेद और इरफान अपने हाथों में चाकू-छूरे लेकर आ गए। बीच बचाव करने बाबू का पुत्र नौशाद चला गया, तभी मकसूद के पांचों लड़के और मकसूद ने चाकू-छूरे से नौशाद पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे नौशाद बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। लोग आनन-फानन में नौशाद को उठाकर सरकारी अस्पताल किरतपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट में छह आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस ने तफ्तीश की।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सोनू उर्फ रिजवान की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर उन्हें जेल भेजकर छह आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में संगीन धाराओं में चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई के चलते आरोपी मकसूद की मृत्यु हो गई और एक आरोपी जावेद को नाबालिग मानते हुए उसके विरुद्ध किशोर बोर्ड न्यायालय में फाइल भेजी गई। गुरुवार को समस्त कार्रवाई पूरी होने पर अदालत ने चारों भाइयों को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार पुत्र की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**नगीना (चिंगारी)।** कोतवाली देहात मार्ग पर डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार 20 वर्षीय आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता जयप्रकाश गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम गंजालपुर निवासी आदित्य (20 वर्ष) अपने पिता जयप्रकाश (50 वर्ष) के साथ बाइक पर सवार होकर अपने भाई की शादी के कार्ड बांटने नगीना आ रहा था। कोतवाली देहात मार्ग पर स्थित एक डिग्री कॉलेज के सामने डंपर को ओवरटेक करने के प्रयास में उसकी बाइक डंपर की चपेट में आ गई। इस घटना में आदित्य की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसके पिता जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना की सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जयप्रकाश को बिजनौर रैफर कर दिया गया।

## आर्य परिवार ने छबील लगाया राहगीरों को शर्बत पिलाया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी को देखते हुए आर्य परिवार ने ग्राम स्याऊ में तहसील के निकट छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। उनके इस कार्य की सभी ने सराहना की। गुरुवार को ग्राम स्याऊ स्थित शुभकामना भोजनालय पर लगाई गई छबील में हजारों राहगीरों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर रायबहादुर आर्य, ठा. हर्षित बहादुर आर्य, प्रिंस अग्रवाल, प्रत्यक्ष अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, नमन अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। मालूम हो कि आर्य परिवार हमेशा ही सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता आया है।

## कूड़ा घर में तब्दील हो चुका जिला सहकारी बैंक शाखा बरूकी का खाली पड़ा भूखंड



**बिजनौर/बरूकी (चिंगारी)।** सहकारी समिति फतेहपुर असल एवं सहकारी समिति बरूकी आदि से संबंधित क्षेत्र के किसानों की मांग पर उनकी सुविधा हेतु ग्राम बरूकी में जिला सहकारी बैंक की शाखा का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके निर्माण के लिए कई वर्ष पूर्व सहकारी संघ बाकर नंगला/ बरूकी के प्रांगण में लगभग 200 गज जमीन आवंटित की गई थी। सहकारी बैंक शाखा का निर्माण भूखंड आवंटित होने के कई वर्ष बीतने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा नहीं कराया गया है, जिसके कारण आवंटित हुआ संबंधित भूखंड कूड़ा घर में तब्दील हो चुका है। भूखंड के आगे सड़क किनारे अवैध कब्जे करके खोखे रख लिए गए हैं। मालूम हो कि पिछले 10 वर्षों से सहकारी बैंक बरूकी शाखा का कार्य संचालन किराए की बिल्डिंग से हो रहा है। जिला सहकारी बैंक की बरूकी शाखा के निर्माण के लिए कई बार भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं एवं संबंधित किसानों द्वारा प्रयास किए गए हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनखड़, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विजय चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार आदि किसानों ने बैंक शाखा का शीघ्र निर्माण जनहित एवं किसान हित में बताया।


## विज्ञप्ति / नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों में परिवहन विभाग द्वारा उ.प्र. मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 की धारा 22 (1) अन्तर्गत 45 दिन से अधिक समय से निरुद्ध वाहनों की नीलामी परिवहन आयुक्त, उ.प्र. की अनुमति के उपरान्त दिनांक 17.07.2026 को समय प्रातः 11.00 बजे स्थान उप परिवहन कार्यालय परिसर, बिजनौर में नीलामी उ.प्र. मोटरयान कराधान नियमावली. 1998 के नियम 9 (क) में अंकित प्रावधानों के अन्तर्गत जहां है, जैसा है के आधार पर की जायेगी।

**नीलामी हेतु वाहनों का विवरण:-**

| क्रम संख्या | वाहन संख्या | प्रकार | थाना | थाने में निरुद्ध का दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | UP20T-5992 | टाटामैजिक | कार्यालय परिसार | 15.03.2022 | |
| 2 | UP20T-2065 | टाटामैजिक | नूरपुर | 02.04.2022 | |
| 3 | UP20T-3427 | टाटामैजिक | फायर स्टेशन नगीना | 05.05.2022 | |
| 4 | UP20T-2789 | थ्रीव्हीलर | फायर स्टेशन नगीना | 05.05.2022 | |
| 5 | UP85AT-2369 | टाटा मैजिक | किरतपुर | 08.08.2022 | |
| 6 | UP20T-1999 | टाटा मैजिक | रोडवेज परिसर नूरपुर | 19.10.2022 | |
| 7 | UP20AT-2636 | थ्रीव्हीलर | मण्डी समिति नजीबाबाद | 18.10.2023 | |
| 8 | UP20T-2550 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 08.03.2024 | |
| 9 | UP20T-1898 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 08.03.2024 | |
| 10 | UP78DT-5434 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 08.03.2024 | |
| 11 | UP77T-6189 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 29.09.2023 | |
| 12 | UP20T-1977 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 09.03.2024 | |
| 13 | UP30T-8155 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 10.06.2024 | |
| 14 | UP20T-9304 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 22.01.2025 | |
| 15 | UP30T-0834 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 14.11.2024 | |
| 16 | UP77N-8926 | टाटा मैजिक | मण्डी समिति नजीबाबाद | 20.07.2024 | |

नीलामी हेतु नियम एवं शर्ते निम्नानुसार हैं-

1-नीलाम किये जाने वाले वाहन एक लाट में रखा जायेगा।

2-बोली दाताओं द्वारा बोली लगाने हेतु निम्नानुसार टोकन मनी जमा करायी जायेगी।

(1) हल्के मोटर यान - 2000 प्रति वाहन

(2) मध्यम मोटर यान--5000 प्रति वाहन

(3) भारी मोटर यान - 10000 प्रति वाहन

3- किसी बोली के अन्तिम स्वीकृति परिवहन आयुक्त, उ.प्र. के अनुमोदन के अधीन होगी।

4- नीलामी केता को समिति द्वारा बोली को अन्तिम रूप से स्वीकार करने के पश्चात उसी दिन नीलामी धनराशि का 20 प्रतिशत धनराशि जमा करानी होगी न जमा कराने की दशा में नीलामी स्वत: निरस्त मानी जायेगी।

5-नीलामी क्रेता को नीलामी धनराशि की शेष धनराशि नीलामी स्वीकृत के पश्चात यान की सुपुर्दगी किये जाने के समय जमा करानी होगी।

6- यदि बोली (नीलामी) परिवहन आयुक्त, उ.प्र. द्वारा अन्तिम रूप से स्वीकार नहीं की जाती है तो बोलीदाता की जमा धनराशि वापस कर दी जायेगी।

7-नीलामी में प्रतिभाग वाले बोलीदाता के पक्ष में नीलामी नहीं होती है तो टोकन मनी वापस कर दी जायेगी।

8- नीलामी केता को बोली की राशि के अतिरिक्त बोली की राशि पर नियमानुसार (वांछित कर) जी.एस. टी. जमा कराना होगा।

9-नीलामी के दिनांक से पूर्व सन्दर्भित वाहन का समस्त देयकर कार्यालय में जमा करा दिया जाता है तो उस वाहन की नीलामी प्रक्रिया स्थगित कर दी जायेगी।

10-अन्य कोई विचार जो नीलामी समिति उचित समझे।

**सदस्य नीलामी समिति/**
**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,**
**(प्रवर्तन) बिजनौर।**

# चांगीपुर में गन्ने के खेत में गौवंश अवशेष मिलने से हिंदू संगठनों में रोष

**नूरपुर ( चिंगारी )**। बृहस्पतिवार की सुबह गांव चांगीपुर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक किसान के गन्ने के खेत में गौवंश अवशेष पड़े देखे गये। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच का साक्ष्य जुटाए। चांगीपुर निवासी रामौतार सिंह रोजाना की तरह सुबह चीनी मिल के पास अपने खेत पर काम करने गए थे। जब वह गन्ने के खेत के अंदर पहुंचे, तो वहां गौवंश के अवशेष दिखाई दिए। खेत में गौवंश के अवशेष मिलने की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और अवशेषों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है कि अवशेष यहां कैसे पहुंचे और इसके पीछे किन शरारती तत्वों का हाथ है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस से उक्त मामले में कड़ी कार्रवाई कर खुलासे की मांग की। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से नमूने जुटाए हैं। प्रथम दृष्टया किसी शरारती तत्व ने अन्य किसी स्थान से लाकर गौवंश के क्षत विक्षत शव को खेत में डाला गया है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है, जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।





## छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )**। सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के अवसर पर ग्राम नाईपुरा की साध संगत के द्वारा क्षेत्र के छाछरी मोड़ पर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलवाया गया। ग्राम नाईपुरा गुरुद्वारे के ग्रंथि बाबा जुझारू सिंह ने बताया की मुगल काल में लाहौर शहर में जो आज पाकिस्तान में है उस समय के मुस्लिम बादशाह जहांगीर ने सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव जी को बड़ी बेरहमी के साथ सर पर गर्म रेत डालकर और गर्म तवे पर बैठकर शहीद कर दिया था, उन्हीं की याद में नाईपुरा की सात संगत हर वर्ष उनके शहीदी दिवस के अवसर पर छबील लगाकर शरबत राहगीरों को पिलाता है। इस अवसर पर सरदार जगतार सिंह, जोगेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरजिंदर सिंह, हर्षवीर, जसवंत सिंह, जगनाम सिंह, अमृतपाल सिंह, गुरु तेजेंद्र सिंह आदि कई उपस्थित रहे।

# बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव रोशनपुर जागीर के मौजा सादपुरी निवासी युवक नितिन की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब 9 बजे नितिन कुमार ( 28 ) घर पर किसी विद्युत उपकरण को सही कर रहा था कि अचानक उपकरण में दौड़ें करंट से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नितिन की मौत का समाचार मिलते ही परिवार में शोक व्याप्त हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया। बृहस्पतिवार को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।**

# खुलासा : साथी के तमंचे से चली गोली लगी थी अर्श को

**चांदपुर ( चिंगारी )**। पुलिस ने सगाई समारोह से लौटते समय युवक के कंधे में लगी गोली की घटना का खुलासा करते हुए युवक के साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अर्श के कंधे में गोली उसी के साथी से असावधानीवश लगी थी।

**कानूनी कार्रवाई से बचने के लिये रची थी झूठी कहानी**



मंडी धनौरा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मल्हूपुरा निवासी लोकेन्द्र सिंह ने 14 जून को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि गर्व उर्फ चाहत पुत्र अशोक निवासी ग्राम ततारपुर थाना बछरायूं प्रिंस उर्फ गोली निवासी अम्हेड़ा थाना मंडी धनौरा व तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके भतीजे अर्श पुत्र सोविन्द सिंह से हुई कहासुनी को लेकर गर्व उर्फ चाहत द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। कंधे में गोली लगने से अर्श घायल हो गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान अभय सिंह उर्फ गोलू पुत्र हरिराज सिंह निवासी ग्राम सदरपुर थाना रजबपुर को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 315 बोर का तमंचा बरामद किया। पूछताछ में अभय सिंह उर्फ गोलू ने बताया कि घटना के दिन सगाई समारोह से लौटते समय उसके पास मौजूद तमंचे से असावधानीवश गोली चल गई थी,जो उसके साथी अर्श के कंधे में लगी थी। घटना को छिपाने एवं कानूनी कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से उसने तथा अर्श ने मिलकर फर्जी कहानी गढ़ी और गर्व उर्फ चाहत प्रिंस उर्फ गोली तथा तीन अज्ञात व्यक्तियों पर झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था।


**मिर्गी दौरे**

**(मिर्गी के लक्षण)**
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
**पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423**


## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

### पुनः ई-आक्शन / नीलामी सूचना

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत / संचालित दुकानात / व्यवसायों को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी / प्रचलित उपविधियोंनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों के लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके को E-Auction के माध्यम से पत्रांक-1719/ जि.पं./2025-26 दिनांक 25.03.2026 के द्वारा आमन्त्रित किया गया था। जिसमें जनपद के 11 विकास खण्डों में से 05 विकास खण्डों (मौ0पुर देवमल, हल्दौर, नहटौर, धामपुर व किरतपुर) पर नियमानुसार बिड प्राप्त हुई है एवं शेष 06 विकास खण्डों की E-Auction के माध्यम से पुनः ई-ऑक्शन / नीलामी आमन्त्रित की जाती है। ई-ऑक्शन/ नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/ ठेकेदार/संस्था इत्यादि को E-Auction की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

तत्सम्बंधी उपविधियोंनुसार E-Auction किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके की अवधि अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31.03.2027 तक के लिए ही होगी।

उपरोक्त लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके वसूली सम्बंधी ठेका/नीलामी हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर ई-नीलामी हेतु प्रतिभाग किया जा सकता है। ई-नीलामी की समय सारणी का विवरण निम्नवत् है-

| क्र.सं. | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 30.06.2026 | पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| 2 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 30.06.2026 | पूर्वान्ह 11:00 बजे से |
| 3 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अन्तिम तिथि | 30.06.2026 | अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 4 | ई-नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 30.06.2026 | अपरान्ह 01:00 बजे से |
| 5 | ई-नीलामी की अंतिम तिथि | 30.06.2026 | सांय 03:00 बजे तक |

ई-नीलामी फार्म दिनांक 30.06.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या-50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 में जमा कर ऑनलाईन http://eauction.gov.in पर ही Submit किया जा सकेगा। http://eauction.gov.in पर उलपब्ध रहेगा। ई-नीलामी फार्म का मूल्य Rs-1,000+GST 18% सहित Rs-1,180.00 उक्त ई-नीलामी की तकनीकी बिड का परीक्षण जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 30.06.2026 को अपरान्ह 01ः00 बजे से आनलाइन नीलामी समिति की उपस्थिति में किया जायेगा तथा नीलामीदाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 30.06.2026 को सांय 03:00 बजे से नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्त ई-ऑक्शन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर- प्रो. पारुल त्यागी

## आरबीडी महिला महाविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस साप्ताहिक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीडी महिला महाविद्यालय, बिजनौर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक एवं विभाग प्रभारी प्रो. मंजू रहीं तथा समन्वयक डॉ. सीमा चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो. गुरप्रीत सिंह (साहू जैन कॉलेज, नजीबाबाद) ने किया।

विशेष आकर्षण के रूप में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा स्नेहा ने



चक्रासन, हनुमानासन सहित अनेक उन्नत योगासनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपने प्रेरक व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रो. गुरप्रीत सिंह ने योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवनशैली बताया। उन्होंने योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने के व्यावहारिक उपाय बताए तथा मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि के लिए योग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

समन्वयक डॉ. सीमा चौधरी ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए छात्राओं की अनुशासित तैयारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।

# सरहद पर भेज दो गोलियां चलाने के लिये...

## एक शाम शहीदों के नाम

**शेरकोट (चिंगारी)।** बुधवार की रात नगर के दून बैंकट हाल में 'एक शाम शहीदों के नाम' आयोजित कार्यक्रम में मुशायरा व कवि सम्मेलन हुआ। शायरों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कलाम सुनाकर खूब दाद बटोरी।

मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला जज एवं पूर्व नगीना लोकसभा प्रत्याशी मनोज कुमार ने शमा रोशन कर किया। नसीम धामपुरी की नात-ए-पाक से हुए आगाज़ के बाद उझारी से आए युवा शायर असद अशरफ ने देशभक्ति से ओतप्रोत कलाम पेश किया। उन्होंने कहा 'ऐ प्यारे वतन तुझसे है पहचान हमारी, मर जाएं जो तुझ पर तो बढ़े शान हमारी', ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वसीम अरहम सम्भली ने मुशायरे को आगे बढ़ाते हुए कहा 'दिल से पढ़ते हैं जो नमाज़ों को, उनके चेहरे पर नूर होता है। शायर शफकत भारती का ये शेर-सरहद पर भेज दो गोलियां



चलाने के लिये' को लोगों ने काफी पसंद किया। इनके अलावा मुशायरे में रफी बढ़ापुरी, दानिश ग़ज़ल मेरठी, चांद फटाफट नहटौरी, अल्ताफ रसूलपुरी, रिजवान फरीदी बरेली एवं इकबाल तकी अंसारी, इरशाद धामपुरी आदि शायरों ने भी अपने कलाम पेश कर दाद-ओ-तहसीन हासिल की।

वरिष्ठ अतिथि आसपा नेता विवेक सैन ने कार्यक्रम आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शायर और कवि अपनी शायरी के माध्यम से समाज के हर पहलू को लोगों के सामने रखकर नई दिशा देने का काम करते हैं। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन शेख कमरूल इस्लाम, पूर्व चेयरमैन मेहराज अहमद साहनपुर, सपा नेता अदनान राईन, सुरेन्द्र सिंह फलोदिया, अफसार हाशमी, मोहम्मद जैद, सलमान अहमद, मौ. सादिक, इमरान नवाज, अफसार अहमद, शाहरुख आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन इरशाद धामपुरी ने किया। अंत में आयोजक दानिश अलवी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने चैतन्यश्री

**बिजनौर (चिंगारी)। जिला चिकित्सालय बिजनौर के सेवानिवृत्त फार्मेसिस्ट बुद्ध सिंह के नाती चैतन्यश्री भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून से प्रशिक्षण पूर्ण कर लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि से जनपद बिजनौर का गौरव बढ़ा है।**



अपने माता-पिता के साथ लेफ्टिनेंट चैतन्यश्री।

यह जानकारी बुद्ध सिंह के साथ कार्यरत रहे कौसर अता उर्फ बिट्टू ने दी। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट चैतन्य श्री, बुद्ध सिंह की पुत्री ममता सिंह के पुत्र हैं। ममता सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बिजनौर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तथा वर्धमान कॉलेज से प्राप्त की थी। उनका विवाह मेरठ के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट इंजीनियर विजय पाल सिंह से हुआ था। लेफ्टिनेंट चैतन्यश्री ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और प्रेरणा को देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी नानी स्वर्गीय श्रीमती सुनीता सिंह का सपना साकार किया है। चैतन्य श्री के सेना में अधिकारी बनने पर परिजनों, मित्रों तथा क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। चिंगारी परिवार चैतन्यश्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया भव्य प्रदर्शनी का भ्रमण



**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के छात्र-छात्राओं ने सरकार द्वारा आयोजित 'डबल इंजन सरकार, विकास की गति अपार', प्रदर्शनी का भ्रमण किया। भारत सरकार द्वारा देश में किए गए विभिन्न प्रकार के विकासात्मक बदलावों को इस प्रदर्शनी के माध्यम से बेहद आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को दर्शाने के लिए सुंदर व सुसज्जित स्टॉल लगाए गए थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता और उत्साह के साथ सभी स्टॉल्स का जायजा लिया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सीमा बिस्वास के कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही विद्यार्थियों को इस ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी को देखने और समझने का यह सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

# कामराजपुर ने जीती बजरंग ट्रॉफी

## फाइनल में मानपुर को 56 रनों से हराया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बजरंग क्रिकेट क्लब हरचंदपुर द्वारा आयोजित 16 वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कामराजपुर की टीम ने 56 रनों से मानपुर की टीम को पराजित कर टूर्नामेंट पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को 5,100 रूपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

12 जून को शुरू हुई उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बृहस्पतिवार की शाम गंगा खादर क्षेत्र में गंगा मंदिर के पास स्थित मैदान पर खेला गया। कामराजपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर कुल 162 रन बनाये। भोगेन्द्र ने सर्वाधिक 58 रन और अंशुल ने 40 रन बनाये। मानपुर के गेंदबाज योगेश ने तीन विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभम के 42 रनों की



बदौलत मानपुर की टीम 8 विकेट खोकर मात्र 103 रन ही बना सकी। कामराजपुर के गेंदबाज सत्यम ने 3 विकेट झटके।

एक्स सर्विसमैन वैलफेयर एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष, मुख्य अतिथि सुरेशचन्द शर्मा, मुख्य वक्ता फेडरेशन ऑफ वेटरेंस (उ.प्र), संजीव पहलवान, पूर्व सैनिक विजय राणा, सुशील शुक्ला एवं नरपाल सिंह तथा आयोजक, सेवानिवृत्त फौजी डालचंद पाल द्वारा कामराजपुर के भोगेन्द्र को मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ़ द सीरीज चुना गया। फाइनल मैच के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के अंपायर सत्येंद्र और रुपेश राजपूत रहे। मैच आयोजन में ऋतिक शर्मा, मयंक शर्मा, अजय कुमार, आशीष, शहबाज का विशेष सहयोग रहा।

# दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता दिलाने के लिये पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्रधानमंत्री राहत योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस ऐप के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं का विवरण दर्ज करने, विक्टिम आईडी जनरेट करने और आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात गौतम राय के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में जिले के सभी थानों से दो-दो विवेचक, एक-एक कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) ऐप के संचालन में आने वाली तकनीकी समस्याओं और व्यवहारिक कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान बताए गए। अधिकारियों ने दुर्घटना से जुड़े मामलों में समयबद्ध और त्रुटिरहित डेटा फीडिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही निर्देश दिये गये कि विक्टिम आईडी जल्द से जल्द जनरेट कर पात्र पीड़ितों को प्रधानमंत्री राहत योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। कार्यशाला में कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आईआरएडी ऐप के प्रभावी उपयोग और दुर्घटना संबंधी मामलों के त्वरित निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# 23 वर्ष की आयु में सी.ए. बनी प्रियांशी



**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के प्रसिद्ध ज्वैलर्स एवं समाजसेवी कृष्णौतार अग्रवाल की होनहार पोत्री एवं विष्णु गोपाल अग्रवाल दीपू व श्रीमती रेशू अग्रवाल की पुत्री प्रियांशी अग्रवाल ने मात्र 23 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर प्रियांशी अग्रवाल के परिवार को बधाई मिल रही है। प्रियांशी अग्रवाल ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा आधारशिला स्कूल से की तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम नई दिल्ली से 12वीं शिक्षा पूर्ण की। प्रियांशी अग्रवाल की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम लग्न एवं प्रतिभा का परिचायक है। प्रियांशी अग्रवाल का मात्र 23 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए बनाना एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है,जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। चिंगारी परिवार प्रियांशी अग्रवाल के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# अभी से करें हज की तैयारी



**बिजनौर (चिंगारी)।** हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार हज यात्रा वर्ष 2027 की आधिकारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। इसे देखते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज यात्रा के इच्छुक लोगों से आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने की अपील की है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज-2027 के लिए आवेदन करने हेतु मशीन रीडेबल पासपोर्ट अनिवार्य होगा। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होंगे। साथ ही आवेदक के पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होना जरूरी है। नये पासपोर्ट बनवाते समय यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उसमें सरनेम अथवा लास्ट नेम का कॉलम खाली न रहे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास 31 दिसंबर 2027 तक वैध अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध है, वे हज-2027 के आवेदन के लिए तैयार रहें। वहीं जिनका पासपोर्ट उक्त तिथि तक वैध नहीं है या जिनके पास पासपोर्ट नहीं है, वे तत्काल पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन कर नया पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया शुरू करें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि हज-2027 की आधिकारिक घोषणा के बाद ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऐसे में केवल पात्र और आवश्यक दस्तावेजों से युक्त आवेदक ही समय पर आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने सभी इच्छुक हज यात्रियों से अपील की कि वे पासपोर्ट संबंधी सभी औपचारिकताएं पहले से पूरी कर लें, ताकि आवेदन के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# शहीदी पर्व पर कीर्तन दरबार सजाया, शर्बत का छबील लगाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व मनाया गया। श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन ट्रस्ट में श्री अर्जन देव जी शहीदी पर्व पर गुरु की छबील का लंगर लगाया गया और गुरु घर में विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें पहुंचे भाई गुरमीत सिंह ने कथा विचारों से संगत को निहाल किया। संचालन हरमीत सिंह निराला ने किया। श्रद्धालुओं ने गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को नमन करते हुए उनके बताए सत्य, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में, सिख समाज द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य भी किए गए। राहगीरों और आमजन को शर्बत, चना वितरण की व्यवस्था की गई। सिख समाज के लोगों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरित किया और भीषण गर्मी में शर्बत पिलाकर लोगों को राहत पहुंचाई। नगर के कई स्थानों पर आयोजित इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। राहगीरों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। सिख समाज के लोगों ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी की शहादत हमें त्याग, धैर्य, सेवा और मानव कल्याण का संदेश देती है। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गुरूद्वारे के प्रधान सुरेंद्र सिंह फलोदि, उपप्रधान हरचरण सिंह, खजांची हरमीत सिंह निराला, प्रबन्धक मान्वेंदर सिंह, सुरजीत सिंह, कश्मीर सिंह, जयपाल सिंह, बलवेंदर सिंह, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के प्रधान विजयपाल सिंह, राजेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, बलवन्त सिंह, श्री सुखमणि सेवा सोयाईटी के प्रधान बीबी अनिता कौर, जितेंद्र कौर, बबली कौर, रेणु कौर, गुरदीप कौर, हरचरण कौर, गुरमीत कौर, ममता कौर आदि संगत शामिल रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर, शिक्षक बैठे धरना देकर



**बिजनौर (चिंगारी)।** टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और विधिक संरक्षण की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) के बैनर तले शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। गुरुवार को जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और जिला महामंत्री अमर सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने वरिष्ठता, पदोन्नति, पेंशन समेत अन्य वैधानिक अधिकारों के संरक्षण की मांग उठाई। इस दौरान मंडलीय मंत्री रितेश भटनागर, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रुचिता सिंह, अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रहास, अनिल चौहान, डॉ. इन्द्रपाल, अरशद जमाली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# यात्री का पर्स चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** रोडवेज बस स्टैंड से यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गया आधार कार्ड, नकदी और एक तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार शहर कोतवाली के गांव बक्शीवाला निवासी नौशाद हसन ने 17 जून को तहरीर देकर बताया था कि रोडवेज बस स्टैंड से किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में आधार कार्ड, अन्य जरूरी दस्तावेज और पांच हजार रुपये थे। बस में चढ़ते समय पर्स चोरी करने का वीडियो भी वायरल हुआ था। विवेचना के दौरान वीडियो के आधार पर ग्राम हमीदपुर निवासी जावेद पुत्र अब्दुल रशीद का नाम प्रकाश में आया। गुरुवार को उपनिरीक्षक शेखर चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पीड़ित का आधार कार्ड, 1,260 रुपये, एक 12 बोर का देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड के मुताबिक आरोपी जावेद का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ बिजनौर के विभिन्न थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# बच्चों की आंखों की रोशनी लौटने पर मां-बाप की आंखों से खुशी के आंसू छलके

## डॉ. रचित अग्रवाल ने किया जन्मजात मोतियाबिंद का सफल आप्रेशन

-विपिन भारद्वाज

**बिजनौर (चिंगारी)।** जन्मजात मोतियाबिंद से क्षीण हुई दो बच्चों के आंखों की रोशनी सफल आप्रेशन के पश्चात वापस लौट आने से मासूम बच्चों के साथ-साथ उनके गरीब मां-बाप के चेहरे भी खुशी से खिल उठे।

बाल नेत्र चिकित्सा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यहां नजीबाबाद रोड पर सैंट मेरीज स्कूल के पास स्थित आरसी मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रचित अग्रवाल ने।

डॉ. रचित के अनुसार नजीबाबाद निवासी नासिर अपने दो बच्चों 11 वर्षीय पुत्र हमजा व 4 वर्षीय पुत्री इफरत के साथ उनसे मिले। बच्चों की विस्तृत जांच करने पर उन्हें जन्मजात मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर तुरंत आप्रेशन की सलाह दी गई। आप्रेशन का नाम सुनते ही नासिर के चेहरे पर निराशा के भाव देखकर डॉक्टर रचित समझ गये थे कि यह आप्रेशन



के खर्चे को लेकर परेशान हैं, तब उन्होंने समझाया कि आयुष्मान योजना के तहत आपका कोई खर्च नहीं होगा। तब नासिर ने अपनी चिंता का दूसरा कारण डॉ. रचित को बताया कि इससे पूर्व उनकी सबसे बड़ी 13 वर्षीय पुत्री को भी यही रोग था, जिसका आप्रेशन उन्होंने दिल्ली में कराया था, लेकिन आप्रेशन के बाद उसकी आंख बैठ गई थी, तब डॉ. रचित ने नासिर को हिम्मत व ढांढस बंधाते हुए ऊपर वाले का नाम लेकर आप्रेशन कराने की सलाह दी। चुनौती बड़ी थी, लेकिन कहते हैं कि गरीबों की मदद करने वालों का साथ ऊपर वाला भी देता है। डॉ. रचित ने जटिल शल्य क्रिया कर दोनों बच्चों की दृष्टि बहाल करने में सफलता प्राप्त की। मां के आंचल में सिमटी नन्ही फरत (4 वर्षीय) ने तो पहली बार अपने मां-बाप का चेहरा स्पष्ट देखा। बच्चों की आंखों की रोशनी वापस पाकर नासिर के परिवार की खुशियों का ठिकाना ना रहा।

### ओपीडी मात्र 50 रुपये

डॉ. रचित ने बताया कि बैराज रोड पर समस्त अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त उनके नये हॉस्पिटल आरसी आइज एंड डेंटल हॉस्पिटल का शुभारंभ 27 जून को किया जोयगा, जिसमें एक ही छत के नीचे आंखों व दांतों की समस्त बीमारियों का उपचार किया जायेगा, जहां पर भारत सरकार की आयुष्मान योजना सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं के साथ ओपीडी मात्र 50 रुपये रखी गई है।




### जन्मजात मोतियाबिंद का समय पर उपचार करायें



डॉ. रचित अग्रवाल ने बताया कि जन्मजात मोतियाबिंद का समय रहते उपचार न कराया जाये तो बच्चों की दृष्टि स्थायी रूप से बाधित हो सकती है। अत: बच्चों में आंखों से सम्बंधित किसी भी समस्या के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किये फौरन नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** युवा कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। युवा कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत प्रदेश सचिव अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस ने देश के हित में अनेकों कार्य किये है, अब प्रदेश की जनता सत्ता में बैठी सरकार के नये-नये जुमले, झूठे वादे व महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। अब जनता ने कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का मन बना लिया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मास्टर मकसूद ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 में जुट जाने का आह्वान किया। जिला सचिव एम. अकरम खां की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में युवा ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मद फैज आलम एड., वसीम अख्तर, शारिब अंसारी एड., रिहान जमाल अंसारी, फराज एड., पवन कुमार, सत्तेंद्र कुमार, आशीष, कुलदीप, आयुष, गौतम, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।



# खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, दूध-दही व खोया के 4 नमूने लिये, जांच को भेजे

## विशेष अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, मानक का उल्लंघन मिलने पर होगी कानूनी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाकर दूध, दही एवं खोया के चार नमूने संग्रहित किए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामआशीष मौर्य के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सबसे पहले चांदपुर स्थित भोले बाबा मिल्क फूड इंडस्ट्रीज से मिश्रित दूध का नमूना लिया। इसके बाद नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के प्रतिष्ठान से दही तथा संजय सैनी के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना संग्रहित किया गया। वहीं चांदपुर स्थित एसएमसी फूड लिमिटेड से भी मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामआशीष मौर्य ने बताया कि सभी नमूनों को नियमानुसार सील कर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिलावटी एवं मानकविहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. वर्मा, राजीव कुमार, नरेश कुमार, अनिल कुमार, शम्भू दयाल तथा श्रीमती रेनू सिंह मौजूद रहीं।

# चांदपुर से नजीबाबाद रिश्तेदारी में आ रहे दो बाइक सवारों की मौत, एक घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। कोतवाली मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। बुधवार रात्रि पवन सैनी पुत्र शीशराम सैनी, राजीव पुत्र चुन्नी लाल व पवन पुत्र टोडल निवासी मौहल्ला चिम्मन थाना चांदपुर मोटरसाइकिल से नजीबाबाद में अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। जब वह यहां ग्राम श्रवणपुर नहर के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में पवन (32 वर्ष) व राजीव (30 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पवन सैनी (31 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी नजीबाबाद में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतकों के शव कब्जे में लेकर सीलकर पंचायतनामा की कार्रवाई की गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। इस घटना से मृतक के परिवारों में कोहराम मच गया है।

# बीमार गौवंश को इलाज के लिए सबलगढ़ गौशाला पहुंचाया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** पिछले दो सप्ताह से नजीबाबाद की गौशाला में एक गोवंश जिसकी कुल्हे की हड्डी टूटी हुई थी वह अपने पैरो पर खड़ा नहीं हो पा रहा था। सही इलाज न मिलने के कारण गौशाला में पड़ा तड़प रहा था, जिसकी सूचना गौशाला में सेवा करने आने वाले गौ सेवकों द्वारा ओम श्री महाकाल सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अनुज कुमार शर्मा को दी गई। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत गौशाला पहुंचकर गोवंश का हाल-चाल जाना तथा तुरंत पशुओं के डॉक्टर समंत मनोहर से संपर्क कर उन्हें गोवंश की स्थिति बताई। जिस पर उनका कहना था कि इस गौवंश की कूल्हे की हड्डी टूटी हुई है इसकी स्थिति बहुत खराब है इसे जो उपचार उनके द्वारा दिया जा सकता था दे दिया गया है। मगर गौ सेवक द्वारा रिक्वेस्ट करने पर उन्होंने अपनी डॉक्टरों की टीम एक बार फिर गौशाला भेजी। जिन्होंने वहां पहुंचकर घायल गौवंश के इंजेक्शन लगाए, लेकिन उसका टेंपरेचर चेक नहीं किया, जिसके बाद प्राइवेट डॉक्टर को बुलाकर गौवंश का टेंपरेचर चेक कराया गया तो गोवंश को 104 बुखार निकला। जिसका निजी डॉक्टर द्वारा उपचार किया गया। लेकिन गौवंश की स्थिति बहुत खराब थी इसलिए अनुज कुमार शर्मा ने सबलगढ़ की गौशाला में बात कर उन्हें पूरी स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने घायल गौवंश को वहां लाने के लिए अपनी सहमति दी। लेकिन सबसे बड़ा काम गौवंश को सबलगढ की गोशाला में पहुंचाने का था जिसके लिए कोई भी तैयार नहीं था। गुरुवार को गौ सेवादल की सदस्य नीतिका अग्रवाल से संपर्क किया गया तो नगर पालिका के वाहन से गौवंश को सबल गढ़ की गौशाला में पहुंचाने की बात की। जिस पर नगरपालिका नजीबाबाद ने सहमति देते हुए तुरंत वाहन व कर्मचारियों की व्यवस्था कराकर उक्त गौवंश को सबलगढ़ गौशाला में पहुंचाया जिससे कि वहां उस गौवंश को सही इलाज व एक नया जीवन मिल सके।

# जुए के अड्डे पर छापा, विदेशी नागरिक समेत 13 जुआरी गिरफ्तार

## दून पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**देहरादून (चिंगारी)।** राज्यभर में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत देहरादून पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राजपुर क्षेत्र में एक निजी मकान में संचालित किए जा रहे अवैध जुए के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक अमेरिकी नागरिक सहित 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में जुआ सामग्री, नकदी और विदेशी मुद्रा बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जून 2026 को राजपुर पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि हैलीपेड क्षेत्र के पास स्थित एक मकान में बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है।सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी डालनवाला के नेतृत्व में थाना राजपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने राजपुर क्षेत्र में हैलीपेड के पीछे क्रिस ज्योति स्कूल मार्ग पर स्थित एक निजी मकान में औचक छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मकान के एक कमरे में चार अलग-अलग टेबलों पर जुआ खेलते हुए 13 लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार मौके से 167 ताश की गड्डियां, 625 डाइस (पासे), जुए में इस्तेमाल होने वाली 118 चिप्स, 1 लाख 52 हजार 870 रुपये नकद तथा 41 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं।बरामद सामग्री और नकदी को पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ थाना राजपुर में मुकदमा संख्या 118/26 के तहत जुआ अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि जुए का यह नेटवर्क कब से संचालित हो रहा था तथा इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

> **देहरादून पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अपराधियों, जुआरियों, नशा तस्करों और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

# एसबीडी की रासेयो छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

## कॉलेज परिसर व आसपास किया श्रमदान



**धामपुर (चिंगारी)।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में हुए इस अभियान की अगुवाई रासेयो अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा ने की। अभियान में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में श्रमदान किया। परिसर व आसपास फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण भी किया गया। छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रासेयो अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और समाज को स्वच्छ-स्वस्थ बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अभियान में कु. सेजल, कु. मरियम, कु. इफ्त, कु. प्राची, कु. भावना, कु. डिम्पल, कु. गार्गी सहित अनेक छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उमेश एवं रोहित भी उपस्थित रहे।

# आवारा पशु और कुत्तों की समस्या से निपटने की तैयारी तेज

## नगर निगम बनाएगा बड़ा डॉग शेल्टर

**देहरादून (चिंगारी)।** शहर में आवारा पशुओं और कुत्तों की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। नगर आयुक्त अशोक कुमार पांडे ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित काजी हाउस में वर्तमान में लगभग 350 गायों को रखा गया है, जिससे सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की संख्या में काफी कमी आई है।

नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम लगातार आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसके तहत 250 अतिरिक्त गायों को रखने का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड से पारित हो चुका है। साथ ही 50 और गायों के लिए व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिससे इस समस्या पर और प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में अब आवारा कुत्तों की समस्या अधिक गंभीर रूप ले रही है। हालांकि नगर निगम द्वारा संचालित वर्तमान सेंटर इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है, लेकिन बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एक बड़े और आधुनिक डॉग शेल्टर सेंटर की जरूरत महसूस की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने 570 कुत्तों की क्षमता वाले डॉग शेल्टर सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार कर संबंधित विभागों को सौंप दी गई है। नगर निगम के अनुसार शासन से स्वीकृति मिलने के बाद डॉग शेल्टर सेंटर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# हेमकुंड साहब की यात्रा के दौरान, एआरटीओ ने चलाया ट्रैवल एजेंसियों का निरीक्षण अभियान

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** चारधाम यात्रा-2026 के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं पारदर्शी परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही शिकायतों के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से एआरटीओ प्रशासन, ऋषिकेश, एआरटीओ प्रवर्तन की संयुक्त टीम द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा क्षेत्र में संचालित ट्रैवल एजेंसियों, यात्रा प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के आसपास संचालित विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों, प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अभिलेखों, बुकिंग व्यवस्था, वाहन संचालन संबंधी रिकॉर्ड, आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया, जिसमें हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक दर्शन सिंह के साथ यात्रा में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही परिवहन सुविधाओं, वाहनों की उपलब्धता, यात्रियों की आवाजाही के दौरान आने



वाली समस्याओं उनके समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि यात्रा अवधि में श्रद्धालुओं को यात्रा पर जाने, वापस लौटने पर पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध रहें तथा परिवहन व्यवस्था निरंतर सुचारु व्यवस्थित रूप से संचालित होती रहे। निरीक्षण के दौरान संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों को नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। जिन प्रतिष्ठानों में कमियां पाई गईं, शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए।

# सेवा योजना विभाग द्वारा रोजगार परक टंकण प्रशिक्षण एक जुलाई से प्रारंभ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** सेवायोजन विभाग उत्तराखंड द्वारा संचालित गोविंद नगर स्थित शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केंद्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं ई डब्लू एस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण के अंतर्गत छह मासीय हिंदी टंकण प्रशिक्षण एक जुलाई से आरंभ होगा। उक्त प्रशिक्षण में टंकण के साथ कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सामान्य हिंदी व अंग्रेजी के साथ सामान्य ज्ञान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दिया जायेगा। आवेदन के लिए योग्यता इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष रखी गई है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29 जून व साक्षात्कार की तिथि 30 जून रखी गई है। साक्षात्कार के समय अपने मूल दस्तावेज और फोटो लाना अनिवार्य है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय से आवेदन पत्र नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

# रजिस्ट्री के निजीकरण किये जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद उपनिबन्धक कार्यालय में निजीकरण के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल चलने से कामकाज ठप है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्रंट ऑफिस खोलने तथा रजिस्ट्री के निजीकरण किये जाने के विरोध में उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद में दस्तावेज लेखकगण अधिवक्तागण तथा स्टाम्प विक्रेतागणों ने सरकार के फैसले का विरोध करते हुए बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इसके बाद से रजिस्ट्री ऑफिस नजीबाबाद के सभी दस्तावेज लेखकगण, अधिवक्ताओं व स्टांप विक्रेताओं ने पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार किया तथा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए, जिसके चलते निबंधन विभाग के उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद में एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई, जिससे सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने बताया की जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेती तब तक अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन व धरना चलता रहेगा। सचिव सौरभ कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों व जिला बिजनौर की सभी तहसीलों में भी विरोध प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है। इस हड़ताल में मोहम्मद असलम अहमद, हेमराज सिंह, सौरभ कुमार, कातिब शशिकांत, मेघनाथ, अब्दुल रब, अनवर, रफीक, फुरकान, शहजाद आलम एड, अमित सिंघल एड, बहार आलम एड, गौरव कुमार कश्यप एड, मोहम्मद काशिफ एड, भानु प्रकाश, नसीम अख्तर, रुचिन एड, मोहम्मद फहीम, मुकुल शर्मा, जीशान अख्तर, मोहम्मद आदिल एड, रणधीर सिंह, सोम कुमार, सुनील भटनागर, ओजस राजपूत, मोहम्मद असगर, मोहम्मद अहसान, रवि राज कश्यप, तेजपाल, तसलीम अहमद, मोहम्मद आसिफ, रविराज आदि सम्मिलित रहे।



# युवाओं के दो गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कोतवाली मार्ग पर आदर्शनगर चैकी क्षेत्र में आकाशवाणी के सामने युवाओं के दो गुटों में मोटरसाइकिल की रिपेयरिंग को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में जमकर भिड़ गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विवाद की शुरुआत मोटरसाइकिल की रिपेयरिंग को लेकर हुई थी। बात बढ़ने पर दोनों गुटों के युवाओं में जमकर लात-घूंसे व डंडे चले। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक इस संबंध में किसी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। जैसे ही तहरीर मिलेगी तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस वीडियो के आधार पर घटना में शामिल युवाओं की पहचान करने में जुट गई है।






# गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य बने अभियान चलाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य बने अभियान चलाया गया। कामेश शर्मा, आवास हिमालय कॉलोनी नजीबाबाद में गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान संपन्न कराया। गायत्री यज्ञ में अनुष्ठान की पूर्णाहुति गोला, सुपारी से की गई। अंकित शर्मा, विपिन शर्मा के नेतृत्व में युवा मंडल का गठन किया गया। गायत्री साधकों को रविवार का उपवास रखना व गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक जप करने का संकल्प दिलवाया। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि गायत्री मंत्र का देवता सविता (उगता सूर्य) है। रविवार का दिन सूर्य का है। हमारा नाभि चक्र सूर्य चक्र से शक्ति प्राप्त करता है परिश्रम व ईमानदारी की रोटी में वह शक्ति है, जो शरीर को ही नहीं, मन व आत्मा को भी पोषण देती है। किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए जीवन भर कठिनाइयों से जूझते रहना ही महापुरुष होना है। अहंकार नहीं संस्कार अपनाए। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद निर्माण हेतु संकल्प दिलवाए गए। गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य बने अभियान चलाकर अंकित शर्मा, विपिन शर्मा, पुनीत शर्मा, सुमित, विनीत, अंजना, कुसुम, ममता को सदस्य बनाया गया। विनोद चौहान ने कर्मकांड कराया। रोहिताश सिंह ने शंखनाद किया। पुष्पा शर्मा, रेखा चौहान ने प्रेरणाप्रद की प्रस्तुत किए। एचपी गुप्ता, सत्यपाल राजपूत, प्रभा, नीलम आदि मौजूद रहे।

# रामलीला क्षेत्र के दुकानदार, गंदगी से हैं परेशान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रामलीला मैदान के सामने स्थित गांधी पार्क के बाहर बने शौचालयों में हो रही गंदगी से लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। शौचालयों के सामने बनी दुकानों के स्वामियों ने गंदगी को साफ कराने की पालिका प्रशासन से मांग की है। वहां के दुकानदारों राकेश शर्मा व तापेन्द्र चौधरी ने चिंगारी को बताया कि नगर पालिका ने दुकानदारों का ख्याल रखते हुए यहां शौचालयों का निर्माण कराया था। कुछ दिनों तक यहां सफाई होती रही, अब काफी दिनों से यहां सफाई न होने से गंदगी ज्यादा बढ़ गई, जिससे आसपास के दुकानदारों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां से गुजरने वाले लोग भी इससे प्रभावित हैं। इतना ही नहीं यहां रखा नगर पालिका के कूड़ेदान के कारण भी अधिक गंदगी रहती है। दुकानदारों का कहना है कि गंदगी के कारण रामलीला मैदान में लगने वाले बाजार में लोगों का आवागमन भी दूभर हो रहा है।



# पुरुष के पिता नहीं, पत्नी का नाम पूछते हैं डॉ. शूरवीर

## महिला सम्मान की अलख जगा रहे चिकित्सक

**शहबाज़ अनवर**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोई पुरुष मरीज़ आता है, चिकित्सक उनका पर्चा बनाते हैं, मरीज़ का नाम लिखने के बाद चिकित्सक इस पुरुष मरीज़ से उनकी पत्नी का नाम पूछते हैं। हालांकि इस दौरान मरीज़ पत्नी का नाम बताने को लेकर थोड़ा असहज महसूस करता है, लेकिन बाद में उन्हें पता चलता है कि डॉक्टर साहब मरीज़ के पिता का नहीं, बल्कि पत्नी का नाम लिखते हैं, ये सब सिर्फ महिला सम्मान को देखते हुए किया जाता है।



महिला सम्मान बढ़ाने के लिए बिजनौर के होम्योपैथिक चिकित्सक शूरवीर सिंह एक अलग ही अलख जगा रहे हैं। डॉक्टर शूरवीर ने बताया कि एक महिला जो शादी के बाद अपने पति के लिए पूरा श्रद्धाभाव रखती है, उसके साथ जीने-मरने की कसमें खाती है, देवी का रूप होती है, ये सब उसके सम्मान के लिए है। बताते हैं कि वर्ष 1994 में उन्होंने पिता के नाम की जगह पत्नी का नाम लिखने की ये मुहिम शुरू की थी। उनके डेटा में पुरुष मरीज़ के नाम के साथ उनकी पत्नी का नाम ही लिखा मिलेगा।

डॉक्टर शूरवीर अपनी इस मुहिम के पीछे ये भी तर्क देते हैं कि जो पुरुष मरीज़ उम्रदराज़ हैं, उनके पिता इस दुनिया में नहीं रहे, ऐसे में उनके पिता का नाम लिखने का क्या औचित्य है, जीवन संगनी साथ होती है, उसको सम्मान मिलना ही चाहिए।

### महिला मरीज को नहीं छूते

**डॉक्टर शूरवीर दावा करते हैं कि वह महिला मरीज़ों के शरीर को कभी नहीं छूते हैं। कहते हैं कि उनकी चिकित्सकीय पद्धति में हाल-चाल जानने के बाद ही मरीज़ की बीमारी को डायग्नोज़ कर लेते हैं, ऐसे में महिला के मान-सम्मान को देखते हुए उसे छूना बेहतर नहीं समझते हैं, आपातकाल की स्थिति में महिला कम्पाउंडर उपस्थित रहती हैं।**

# मुख्यमंत्री धामी ने 'रन फॉर योगा' में लिया हिस्सा

## युवाओं से योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाइन, देहरादून में 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या का आधार बताते हुए युवाओं से इसे नियमित जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रन फॉर योगा' केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि योग आज के दौर में तनाव, अवसाद और विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से योग, आध्यात्मिक साधना और ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही है। यहां की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मक जीवन का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रस्ताव के बाद 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई और आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित युवा ही राज्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं।

उन्होंने युवाओं से नियमित योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, विधायक विनोद चमोली, मेयर सौरभ थपलियाल, सचिव आयुष रंजना राजगुरु, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## महर्षि कण्व योग समिति 21 को करायेगी योगाभ्यास

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महर्षि कण्व योग समिति की ओर से शिब्बूनगर स्थित एक फार्म हाउस में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आम जन को योगासन कराये जायेंगे। समिति के अध्यक्ष नीरज नेगी ने बताया कि समिति सदस्यों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। योग कार्यक्रम सुबह पांच बजे से सात बजे तक होगा। इस दौरान विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद समिति के सदस्य विभिन्न योगासनों की प्रस्तुति देंगे।

## पत्रकार की आवाज़ बनी बुजुर्ग की फरियाद

### सीएम धामी ने दिए समस्या समाधान के निर्देश



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को एक बार फिर संवेदनशीलता और जनसरोकार का परिचय दिया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद जब वह सचिवालय से मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना होने वाले थे, तभी एक बुजुर्ग महिला अपनी फरियाद लेकर वहां पहुंच गई। मौके पर मौजूद वरिष्ठ पत्रकार एसपी अरोड़ा ने महिला को मुख्यमंत्री से मिलवाया। मुख्यमंत्री ने वाहन से निकल महिला की बात सुनी और फिर सीट से खड़े होकर स्वयं उसका प्रार्थना पत्र लिया। उन्होंने महिला को उसकी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रमुख सचिव डॉ. आर.के. सुधांशु को मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने और महिला की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री के इस व्यवहार की सराहना की। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देने और संवेदनशीलता के साथ उनकी बात सुनने की इस पहल को मानवता और जनसेवा का उदाहरण बताया जा रहा है।

## रोटरी क्लब ने लगाया छबील

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब द्वारा क्लब के स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन भीषण गर्मी के बीच मालवीय उद्यान के पास छबील लगाकर आते जाते राहगीरो व आमजन को ठंडी जीरा बोतल वितरित की गयीं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनो को गर्मी से राहत पहुंचाना व समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम क्लब पूर्व से ही लगातार करता आया है। क्लब का उद्देश्य है कि मदद सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे। इस अवसर पर क्लब सचिव विजय कुमार, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, गुरूबचन सिंह, मनीष अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी, गोपाल बंसल और विपिन कुमार बक्शी सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यालय बंद करने पर रोषित हैं ग्राम्यजन

### यथावत संचालित करने को दिया गया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकास खंड दुगड्डा के अंतर्गत राजकीय जूनियर हाईस्कूल स्यालिंगा को बंद किए जाने के निर्णय पर स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पहाड़ में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर कार्य किया जाना चाहिए न कि विद्यालयों को बंद करना चाहिए। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील पहुंचकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यालय में छात्र संख्या भले ही कम हो, लेकिन यह पूर्णत: छात्र विहीन नहीं है। ऐसे में विद्यालय बंद होने से आसपास के बच्चों को कई किलोमीटर दूर पढ़ाई के लिए जाना पड़ेगा, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र का एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहां गरीब परिवारों के बच्चे अध्ययनरत हैं। आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग द्वारा सत्र प्रारंभ होने के बाद विद्यालय बंद करने की सूचना दी गई, जबकि पहले ही वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से विद्यालय को यथावत संचालित रखने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गंभीर सिंह असवाल, सतेंद्र सिंह, नारायण सिंह नेगी, केसीराम निराला और प्रवीण सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## प्राचीन संस्कृति व ज्ञान परंपरा का उपहार है योगाभ्यास - खण्डूडी



कोटद्वार स्थित एक माल के सभागार में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने किया योगाभ्यास।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तड़ियाल चौक स्थित एक मॉल के सभागार में विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड ऋतु खण्डूडी भूषण ने क्षेत्रवासियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज योग को वैश्विक पहचान मिली है तथा अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को शांति और जीवन को संतुलन प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को योगा मैट वितरित किए गए तथा नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, आशीष रावत, विकासदीप मित्तल, पार्षद सौरव नौडियाल, राजेंद्र बिष्ट, शांता बमराडा, राजेश देवरानी, मोहन सिंह नेगी तथा योगाचार्य राकेश कंडवाल सहित गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## गड्ढों के कारण मुश्किल हुआ आना-जाना

### बीईएल कर्मचारी कर रहे परेशानियों का सामना

### विधायक को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीईएल कर्मचारी संघ के महासचिव प्रदीप बडोला ने कौड़िया-बीईएल व जल निगम-बीईएल रोड़ की हालत ठीक करने की मांग की है। कहा कि दोनों सड़कों पर गड्ढे होने के कारण कंपनी में अपनी ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उक्त दोनों मोटर मार्गों से बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी आवागमन करते हैं, लेकिन दोनों मोटर मार्गों में खड्ढे होने के कारण कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पूर्व में भी इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष से सड़क की हालत ठीक करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# खाली प्लाटों में पड़े कूड़े-कचरे पर आश्रित हैं निराक्षित गौवंश

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )**। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गौवंश की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार द्वारा गौवंश संरक्षण एवं गौशालाओं के संचालन पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद सड़कों, खाली पड़े प्लॉटों और सार्वजनिक स्थानों पर गौवंश खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। इससे सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अफ़ज़लगढ़ क्षेत्र



में ठेकेदार अब्दुल रज्जाक के प्लॉट सहित कई खाली स्थानों पर बड़ी संख्या में गौवंश दिनभर डेरा डाले रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये पशु भोजन और पानी के अभाव में कूड़े-कचरे के ढेरों में भोजन तलाशने को मजबूर हैं। वहीं सड़कों पर घूमने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि गौवंश संरक्षण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर भारी धनराशि खर्च होने के बावजूद धरातल पर अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि गौवंश गंदगी और कचरे के बीच जीवन यापन कर रहे हैं, जो व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है।


पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
Pulkit Memorial Hospital PMH
जनरल सर्जरी
GENERAL SURGERY
पारंपरिक सर्जरी जो जटिल स्थितियों में प्रभावी और विश्वसनीय है।
पित्त की थैली की पथरी
अपेंडिक्स (अपेंडिसाइटिस)
हर्निया (नाभि/इन्गुइनल)
आंतों की रूकावट (बॉवल ऑब्सट्रक्शन)
थायराइड एवं अन्य गांठें
गांठ, ट्यूमर एवं अन्य सर्जिकल समस्याएं
आज ही हमारे विशेषज्ञ से सलाह लें
Dr. Anu Vibhu
MBBS, DNB (General Surgery)
FMAS, FALS, FIAGES
General and Laparoscopic surgeon
आयुष्मान और टी.पी.ए. द्वारा नि:शुल्क इलाज
9897959151, 9719775240
BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701
आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं



वधू चाहिए
क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774